प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय, अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / परिषद / 2025 / 10727 **लखनऊः दिनांकः** 05-02-2025

विषयः सत्र 2024–25 हेतु परिषद कार्यालय के छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर किये गये आवेदनों को अग्रसारित कराने के संबंध में।

महोदय,

कृपया, सादर अवगत कराना है कि परिषद से सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं निजी क्षेत्र में स्थापित संस्थाओं में अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं के छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति संबंधी आवेदन आप द्वारा समाज कल्याण के छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर अग्रसारित किये गये हैं। छात्र / छात्राओं के उक्त आवेदनों को परिषद स्तर से भी समाज कल्याण के छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर ऑनलाइन अग्रसारित किया जाना है। इस हेतु निम्न अभिलेखों की आवश्यकता है:–

1. परिषद द्वारा निर्गत विगत तीन वर्षों के सम्बद्धता / सम्बद्धता विस्तार पत्र।
2. छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर लॉक किये गये मास्टर डाटा की सत्यापित प्रति।
3. पत्र के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप–1 पर छात्र / छात्राओं का ब्रांचवार एवं वर्षवार विवरण।
4. छात्र / छात्राओं के आनलाइन अग्रसारित किये गये आवेदनों की सत्यापित सूची प्रारूप–1 के अनुसार।
5. प्रथम वर्ष में अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं का परिषद कार्यालय की वेबसाइट पर एनरोलमेन्ट सूची की प्रमाणित प्रति।
6. राजकीय संस्थाओं के इतर समस्त संस्थाओं द्वारा निर्धारित प्रारूप पर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति 2024–25 हेतु नोटरी शपथ पत्र (रू0 100 के स्टाम्प पेपर पर) / राजकीय संस्थाओं द्वारा निर्धारित प्रारूप पर घोषणा पत्र (Undertaking)।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांकः 10.02.2025 तक प्रत्येक दशा में उपरोक्त अभिलेखों को परिषद कार्याल में जमा कराना सुनिश्चित करें, जिससे अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध है, जिस कारणवश इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। यदि आप द्वारा उपरोक्त कार्य में शिथिलता बरती जाती है तो आपकी संस्था के छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति संबंधी आवेदनों को अग्रसारित नहीं किया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य / निदेशक का होगा।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0: प्राशिप / परिषद / 2025 / 10728-729 **तद्दिनांकः** 05-02-2025

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. उपसचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश कानपुर।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

प्रारूप–1

संस्था का कोड व नामः

क्र0 सं0	पाठ्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम का वर्ष	अनुमोदित कुल सीटों की संख्या	अग्रसारित किये गये आवेदनों का विवरण					
				OBC	SC	ST	Minority	General	Total
1.	ब्रांच का नामः	प्रथमः							
		द्वितीयः							
		अंतिमः							
2.	ब्रांच का नामः	प्रथमः							
		द्वितीयः							
		अंतिमः							

संस्था के छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति नोडल अधिकारी का
नामः
पदनामः
मोबाइल नं0:
ई–मेल आई.डी.:

संस्था प्रधानाचार्य/
निदेशक ह0 मुहर सहित
नामः
पदनामः
मोबाइल नं0:

छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति 2024–25 हेतु नोटरी शपथ पत्र का प्रारूप (रू0 100 के स्टाम्प पेपर पर)

समक्ष– प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

मैं शपथी .... (नाम) .... (पदनाम) ....

.... संस्था का कोड व नाम शपथ पूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूँ।

1. छात्रवृत्ति हेतु योजनान्तर्गत अग्रसारित किये गये आवेदन की सूची में अंकित छात्र/छात्राएं संस्था में अध्ययनरत है।
2. छात्रवृत्ति योजानान्तर्गत छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन भरे गये आवेदन का विधिवत परीक्षण/मिलान कर लिया गया है। भरी गयी सभी प्रविष्टि सही एवं त्रुटिरहित है।
3. छात्रवृत्ति योजानान्तर्गत जारी गाइड लाइन के अनुसार केवल **पात्र** छात्र/छात्राओं का ही आवेदन अग्रसारित किया गया है।
4. छात्रवृत्ति योजानान्तर्गत केवल उन्हीं पात्र छात्र/छात्राओं का आवेदन अग्रसारित किया गया है, जिन्होने राज्य सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना अथवा अन्य किसी छात्रवृत्ति योजना में आवेदन नहीं किया है।
5. छात्रवृत्ति योजानान्तर्गत किसी **अपात्र** छात्र/छात्राओं का आवेदन अग्रसारित नहीं किया गया है।

ह0 (मुहर सहित)
प्रधानाचार्य/
निदेशक